पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# पशुपालकों के हित में कन्नौज काऊ मिल्क प्लांट का हो रहा परिचालन

लखनऊ : 11 सितम्बर, 2026

कन्नौज काऊ मिल्क प्लांट को न तो बेचा गया है और न ही उसका स्वामित्व एनडीडीबी को हस्तांतरित किया गया है बल्कि पशुपालकों के हित में इसका परिचालन किया जा रहा है। इस प्लांट को 10 वर्ष की अवधि के लिए परिचालन हेतु लीज एवं प्रॉफिट शेयरिंग के आधार पर एनडीडीबी को हस्तगत किया गया है। कन्नौज काऊ मिल्क प्लांट की स्थापित क्षमता 1.00 लाख लीटर प्रतिदिन है। लगभग 84.69 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित उक्त प्लांट का निर्माण कार्य वर्ष 2019 में पूर्ण हुआ तथा दिसंबर 2019 से इसका संचालन प्रारंभ किया गया। अपेक्षित मात्रा में दुग्ध संकलन न हो पाने, स्थापित क्षमता के अनुरूप संचालन न होने तथा वित्तीय रूप से ब्रेक ईवन प्राप्त न कर सकने के कारण प्लांट का संचालन अक्टूबर 2022 से नियमित रूप से नहीं हो पा रहा था, जिससे इस प्लांट को बेहतर, दक्ष एवं व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 10 वर्ष की निश्चित अवधि के लिए लीज रेन्ट/प्रॉफिट शेयरिंग पर पट्टे पर सहकारिता के माध्यम से संचालन हेतु एनडीडीबी को दिया गया है।

दुग्ध विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मिल्क प्लांट के परिचालन हेतु 25 जून 2025 को प्रादेशिक कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (PCDF) तथा राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (NDDB) के मध्य समझौता ज्ञापन किया गया, जिसके तहत इसे 10 वर्ष की अवधि के लिए एनडीडीबी को लीज पर संचालन हेतु दिया गया। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार एनडीडीबी द्वारा प्लांट का संचालन, प्रारंभिक निवेश करते हुए किया गया। इस समझौता ज्ञापन में पीसीडीएफ को 1.07 करोड़ रूपये प्रतिवर्ष लीज रेंट तथा लाभ में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी प्राप्त होने का प्रावधान भी है।

मिल्क प्लांट के परिचालन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में दुग्ध संकलन व्यवस्था को सुदृढ़ करना, दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को सक्रिय करना, पशुपालकों एवं दुग्ध उत्पादकों को उनके दूध का उचित एवं समयबद्ध मूल्य उपलब्ध कराना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है।

इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक परिसंपत्ति को निष्क्रिय बनाए रखने के स्थान पर उसकी क्षमता का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के साथ क्षेत्र के दुग्ध उत्पादकों को दीर्घकालिक लाभ, स्वरोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की तकनीकी विशेषज्ञता, प्रबंधकीय दक्षता एवं डेयरी क्षेत्र के अनुभव का उपयोग किए जाने का निर्णय लिया गया।

यह संस्था देश में दुग्ध सहकारी संस्थाओं के प्रबंधन, तकनीकी उन्नयन, दुग्ध संकलन, प्रसंस्करण, विपणन तथा किसान केंद्रित डेयरी विकास के क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखती है। उत्तर प्रदेश में भी इसके द्वारा विभिन्न दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं संचालन में सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

---

**सम्पर्क सूत्र– निधि वर्मा**

राघवेन्द्र/05:50 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in